


**सिराज की धूम, ऑलराउंडर्स में जडू को नुकसान**

भारत के रविंद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडरों की सूची में एक स्थान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। भारत के ही रविचंद्रन अश्विन इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। गेंदबाजों की सूची में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक स्थान के नुकसान से 10वें स्थान पर हैं जबकि लार्ड्स टेस्ट की दोनों पारियों में चार–चार विकेट चटकाने वाले उनके साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 18 स्थान के फायदे से 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## भारतीय खिलाड़ियों का जलवा राहुल–सिराज की लंबी छलांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत–इंग्लैंड के बीच दूसरे मैच के बाद आईसीसी ने टेस्ट रैंकिंग जारी की है। ताजा रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों का बोलबाला है। मोहम्मद सिराज, केएल राहुल जैसे युवाओं ने लंबी छलांग लगाई तो भारतीय कप्तान अपनी जगह पर मजबूती से डटे हुए हैं। पहली पारी में 129 रन बनाकर इंग्लैंड के खिलाफ भारत की 151 रन की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले केएल 19 स्थान के फायदे से 37वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पिछले हफ्ते 56वें स्थान के साथ रैंकिंग में दोबारा प्रवेश करने वाले राहुल ने सभी को प्रभावित किया है।
पिछले हफ्ते एक स्थान का नुकसान झेलने वाले विराट पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भी अपना छठा और सातवां स्थान बरकरार रखा है। भारत के खिलाफ श्रृंखला की शुरुआत पांचवें स्थान से करने वाले और पहले टेस्ट के बाद कोहली को पीछे छोड़ने वाले इंग्लैंड के कप्तान जो रूट दो और स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

# पलटवार को बेताब इंग्लैंड, टीम इंडिया को दिया सीरीज जीतने का गुरुमंत्र

**क्रिकेट**

### पुछल्ले बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की, विकेट नहीं फेंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर ने टीम इंडिया को बधाई दी है। लॉर्ड्स पर एक वक्त हार का खतरा मंडरा रहा था। ड्रॉ हो जाना ही किसी जीत से कम नहीं था, लेकिन विराट सेना ने कमाल कर दिया। असल मायनों में यह मैच भारतीय पेसर्स के नाम रहा। बल्ले से पहले शमी–बुमराह ने चमत्कार किया फिर गेंदबाजी में दोनों को सिराज और ईशांत का साथ मिल गया। 151 रन से भारत ने मैच अपने नाम किया।
सचिन तेंदुलकर ने कप्तान कोहली की जमकर तारीफ की। तेंडुलकर ने कहा अगर मैं कप्तान होता तो उन्हें जरूर लंच से पहले कुछ ओवर बल्लेबाजी करवाता। इससे उन्हें दिक्कत होती, लेकिन विराट के पास अलग प्लान था। मजाकिया लहजे में सचिन ने फिर इंग्लिश ओपनर्स के मजे भी ले लिए कि




ऊपर–नीचे जाकर थोड़ा सांस चढ़ गया था, दोनों जीरो पर आउट हुए। सचिन कहते हैं, मुझे लगा कि केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी की, वह शानदार थे, लेकिन सिराज की भूमिका उतनी ही अहम थी, एक मैच में आठ विकेट हासिल करना, और आखिरी दिन चार विकेट चटकाना बेहद महत्वपूर्ण था। वे दोनों भारतीय हैं, मैं कहूंगा पुरस्कार हर हाल में हमारे पास रहना चाहिए, यही मायने रखता है।
सचिन कहते हैं कि दोनों टेस्ट मैच में हमारे टेलेंडर्स ने अच्छी बल्लेबाजी की। पहले टेस्ट मैच में, जडेजा थे और अगर आपको याद हो, तो मैंने एक ट्वीट भी किया था जिसमें कहा था कि बुमराह ने अपने जीवन का बेस्ट शॉट खेला है जब उन्होंने सैम करन को स्क्वैयर लेग पर छक्का लगाया था। पांचवें दिन आखिरी उम्मीद ऋषभ पंत ही थे। उनके आउट होते ही ईशांत शर्मा भी चलते बने। तब लग रहा था कि भारत को बेहद शर्मनाक हार मिलने वाली है, लेकिन वहां से शमी ने टेस्ट में अपना सर्वोच्च स्कोर (नाबाद 56 रन) बनाया। जसप्रीत बुमराह ने भी नाबाद 34 रन की पारी खेली। दोनों के बीच नौवें विकेट के लिए रेकॉर्ड 89 रन की पार्टनरशिप हुई। भारत ने लंच के बाद अपनी दूसरी पारी 298:8 रन पर घोषित की। भारत के पुछल्ले बल्लेबाजों ने मैच पलट दिया था। दबाव पूरा इंग्लैंड पर आ गया। 60 ओवर्स में उन्हें जीत के लिए 272 रन बनाने थे।
बुमराह, शमी, ईशांत और सिराज की चौकड़ी ने अंग्रेजी बल्लेबाजों की बैंड बजा दी। उमेश यादव भी बेंच पर बैठे अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। तेंडुलकर ने इस बदले आक्रमण का क्रेडिट आईपीएल को दिया है। उन्होंने आईपीएल को एक ऐसी टैलेंट की खान बताया, जहां से कई युवा कोहिनूर निकल रहे। हर कोई अपनी डाइट, फिटनेस को लेकर सजग है।

# स्मृति मंधाना ने की महिला आईपीएल शुरू करने की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली महिला क्रिकेट टीम की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना का मानना है कि देश के क्रिकेट में छह टीमों की महिला आईपीएल शुरू के लिए पर्याप्त गहराई है। इससे राष्ट्रीय टीम के लिए बेंच स्ट्रेंथ को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। 25 वर्षीय स्टाइलिश बल्लेबाज ने कहा कि टी 20 लीग के शुरू होने के बाद से मेंस क्रिकेट में घरेलू खिलाड़ियों की खेल स्तर में काफी सुधार हुआ है और महिला क्रिकेट में भी ऐसा ही हो सकता है।
मंधाना ने रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कहा, पुरुष और महिला खिलाड़ियों के खेलने के लिए एक समान ही राज्य हैं। इसलिए जब उन्होंने पुरुषों का

**कहा– बेंच स्ट्रेंथ बेहतर बनाने में मिलेगी मदद**

आइपीएल शुरू हुआ, तब भी इतनी ही संख्या में राज्य थे। लेकिन साल दर साल खिलाड़ियों का स्तर बढ़ता गया। आज आइपीएल जैसा है, वो वैसा 10–11 साल पहले नहीं था। मुझे लगता है कि पांच–छह टीमों के साथ हम शुरुआत कर सकते हैं। इसके एक दो साल बाद हम आठ टीम करने के बारे में सोच सकते हैं, लेकिन जबतक यह शुरू नहीं होता, तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता।
मंधाना को लगता है कि लीग महिला क्रिकेटरों को सही तरह का एक्सपोजर दे सकती है, जो उनके खेल को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि



महिला बिग बैश लीग से आस्ट्रेलियाई टीम की बेंच स्ट्रेंथ में सुधार हुआ है, ऐसा भारत में भी महिला आइपीएल के शुरू करने से हो सकता है। उन्होंने कहा, मैंने चार साल पहले बिग बैश में खेली थी और अब उनका खेल स्तर बहुत अलग है।
आप देख सकते हैं कि ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट में जहां 40–50 क्रिकेटर किसी भी दिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हैं। मैं वास्तव में चाहती हूं कि भारतीय क्रिकेट में भी ऐसा हो। मुझे लगता है कि आइपीएल इसमें बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा।

## टी20 वर्ल्डकप में क्या होगी आस्ट्रेलियाई टीम की ताकत?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एडिलेड। आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर मैथ्यू वेड ने कहा है कि अक्टूबर–नवंबर में यूएई में होने वाले टी20 विश्व कप में स्पिन गेंदबाजी उनकी टीम की सबसे बड़ी ताकत होगी। दुबई, अबू धाबी और शारजाह के धीमे विकेट स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार होंगे। गेंदबाजों रैंकिंग में शीर्ष 10 में आस्ट्रेलिया के दो स्पिनर लेग स्पिनर एडम जंपा (आठवें) और बाएं हाथ के स्पिनर एश्टन एगर (सातवें) हैं। इन दोनों के अलावा ग्लेन मैक्सवेल और एश्टन टर्नर भी अपनी आफ स्पिन से घातक साबित हो सकते हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के अनुसार वेड ने कहा कि उन्हें लगता है कि उनकी मौजूदा टी20 टीम में जंपा और एगर के होने के कारण स्पिन गेंदबाजी हमारी ताकत हैं। 10 साल पहले तक व्हाइट बाल क्रिकेट में ऐसा नहीं कहा जा सकता था। पिछले दो–तीन सालों में इन्हें जो अनुभव प्राप्त हुआ है, उसे देखकर कहा जा सकता है स्पिनर टीम के ताकत बनकर उभरे हैं। वे टूर्नामेंट में बड़ी भूमिका निभाएंगे।

## न्यूज डायरी



### भारतीय क्रिकेटर जिसने इंटरनैशनल डेब्यू से पहले पास की आइएएस की परीक्षा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में एग्जामिनेशन के मामले में यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन एग्जाम को सबसे मुश्किल माना जाता है। इसे आम भाषा में आईएएस एग्जाम के नाम से भी जाना जाता है। हर साल लाखों स्टूडेंट्स यूपीएससी की परीक्षा में बैठते हैं लेकिन इनमें से कुछ ही इसे पास कर पाते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम में भी कई पढ़े लिखे खिलाड़ी रहे। लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि टीम इंडिया में एक ऐसा क्रिकेटर था जिसने क्रिकेट में करियर बनाने से पहले यूपीएससी का एग्जाम पास किया था। यह कोई और नहीं बल्कि भारत के पूर्व खिलाड़ी अमय खुरसिया थे। खुरसिया का जन्म 1972 में मध्यप्रदेश के जबलपुर में हुआ था। लोक संघ सेवा आयोग का एग्जाम पास करने वाले खुरसिया इस समय कस्टम्स एंड सेंट्रल एक्साइज डिपार्टमेंट में कार्यरत हैं। 17 साल की उम्र में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू करने वाले खुरसिया ने भारतीय सीनियर नेशनल टीम में पदार्पण से पहले यूपीएससी के एग्जाम को क्लियर किया था। उनका डेब्यू शानदार रहा था।

### पीएम ने विनेश से पूछा...क्या बेटा...बहुत गुस्सा आ गया था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर बुधवार को एक वीडियो शेयर की। यह वीडियो तोक्यो ओलिंपिक 2020 एथलीटों के साथ पीएम आवास पर नाश्ते के दौरान की है। इसमें मोदी भारतीय एथलीटों से बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। पीएम ने तोक्यो ओलिंपिक से लौटे भारतीय खिलाड़ियों को 15 अगस्त के दिन लाल किला के प्राचीर पर आमंत्रित किया था। भारतीय एथलीट 75वीं स्वाधीनता दिवस के मौके पर लालकिला पहुंचे थे जहां पीएम ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका मनोबल बढ़ाया था। पीएम ने नाश्ते के दौरान भारतीय खिलाड़ियों से उनके ओलिंपिक के अनुभव और उनकी पसंदीदा चीजों के बारे में पूछा। महिला पहलवान विनेश फोगाट से मोदी ने पूछा, और विनेश... यह तो मेरे ही परिवार की है... इतना गुस्सा नहीं करते... खिलाड़ी की जिंदगी में हारना तो बाएं हाथ का खेल होता है... यह तो खेल का हिस्सा है... जीत को कभी सिर पर चढ़ने मत दो, और हार को मन में बसने न दो। यह मंत्र जीवन में बहुत जरूरी है। मैंने सुना तुम आने के बाद किसी से मिलती नहीं थी।

### हार के बाद भी बेन स्टोक्स को टीम में नहीं बुलाया जाएगा वापस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम को भारत के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में करारी हार मिली। मैच के आखिरी दिन लार्ड्स टेस्ट में टीम इंडिया ने इंग्लैंड के सामने 272 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में मेजबान टीम महज 120 रन पर ही सिमट गई। 151 रन के बड़े अंतर से मैच जीतकर भारत ने सीरीज में 1–0 की बढ़त बनाई। इस हार के बाद भी टीम के कोच क्रिस सिल्वरवुड ने साफ किया है कि क्रिकेट से ब्रेक लेने वाले ऑलराउंडर बेन स्टोक्स से कोई बात नहीं की जाएगी। इंग्लैंड के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने बेन स्टोक्स की छुट्टी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ वर्तमान टेस्ट सीरीज में टीम के संघर्ष करने के बावजूद वह आलराउंडर बेन स्टोक्स पर मानसिक स्वास्थ्य अवकाश से वापसी करने के लिए दबाव नहीं बनाएंगे।

### हार के बाद इंग्लैंड टीम ये बदलाव चाहते हैं माइकल वान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मैच हारकर मेजबान इंग्लैंड की टीम बैकफुट पर है। लार्ड्स में खेले गए दूसरे मैच में जो रूट की कप्तानी वाली टीम को 151 रनों से हराकर विराट कोहली की टीम ने 1–0 की बढ़त ले ली है। सीरीज का तीसरा मुकाबल 25 अगस्त से हेडिंग्ले में खेला जाएगा। इससे पहले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने इंग्लिश टीम में बदलाव के सुझाव दिए हैं।